>

Title: Need to set up new sugar mill in devaria and restart Bhatni Sugar mill in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): धन्यवाद सभापति जी, हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में चीनी मिल के मजदूरों और किसानों की तरफ मैं आपके माध्यम से भारत सरकार ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश की सपा, बसपा और केंद्र में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपेक्षा और उदासीनता के कारण भारत का ब्राजील कहे जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश का गन्ना उद्योग मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया है । यहां की लगभग दो तिहाई चीनी मिलें बंद पड़ी हुई हैं । ये मिलें उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम, सहकारी क्षेत्र तथा भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के उपक्रम 80(सी) द्वारा संचालित थे । उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती बसपा सरकार ने करीब एक दर्जन चीनी मिलों को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए कौड़ियों के भाव निजी हाथों में बेच दिया । बसपा के माननीय सदस्य बेरोजगारी की बात करते हैं । **…**(व्यवधान) दर्जनों चीनी मिलें बंद करके हजारों मजदूरों को बेकार करने का काम और किसानों के हितों के विरूद्ध काम किया गया था ।**…**(व्यवधान) इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र की भटनी चीनी मिल भी है । **…** * ने अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए चीनी मिलों को कौड़ियों के भाव निजी हाथों में बेच दिया ।**…**(व्यवधान)

SHRI RITESH PANDEY : Mr. Chairman, Sir, he is making baseless allegations. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Nothing is going on record.

… (*Interruptions)**

श्री रविन्दर कुशवाहा : सभापति महोदय, इसके चलते जहां हजारों चीनी मिल मजदूर बेरोजगार हो गए, वहीं लाखों किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी, क्योंकि गन्ना ही इस क्षेत्र के किसानों की एकमात्र नकदी फसल थी । मेरे संसदीय क्षेत्र में निजी क्षेत्र की एकमात्र चीनी मिल प्रतापपुर है, जो प्रबंधन द्वारा

गत 5 वर्षों से बंद कर देने की साजिश की जा रही है। स्थानीय किसान, मजदूर, जनप्रतिनिधि व्यापक स्तर पर इससे आक्रोशित हैं, लेकिन जब से केंद्र में आदरणीय मोदी जी और प्रदेश में योगी जी की सरकार आई है, तब से गन्ना किसानों में एक आशा की नई किरण जगी है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कई नई चीनी मिलें स्थापित की हैं। इसी क्रम में मैं इस सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले में अपने स्तर से प्रयास करके देवरिया में नया आधुनिक चीनी मिल संयंत्र स्थापित करने के साथ ही भटनी चीनी मिल को चालू करने की कृपा करें।